CRITERIA -1 (1.3.1)

2015 -16 SAMARPAN NEWS

बुजुर्गों से शेयर की खुशियां

बीएड प्रशिक्षुओं ने ओल्ड एज होम में बिताए सीनियर सिटीजंस के संग पल

भिलाई। महिला महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षुओं ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया। बीएड के समर्पण ग्रुप ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के समय व्यतीत किया और उनके बीच खुशियां शेयर कीं। बीएड प्रशिक्षुओं ने बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए उनके समक्ष विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उन्होंने बुजुर्गों को फल, बिस्किट तथा दैनिक दिनचर्या में काम आने वाली सामग्री भेंट की। बीएड विभाग की एचओडी डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। पुलगांव वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक गणेश वर्मा ने भिलाई महिला महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षार्थियों के इस पुनीत कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जेहरा हसन का प्रोत्साहन तथा बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित, सहायक प्राध्यापिका हेमलता सिदार, के. भावना, सुनिशा पैट्रिक तथा समस्त बीएड प्रशिक्षार्थियों का योगदान रहा।

2016-17

वृद्धों को बांटे फल

भिलाई। भिलाई महिला महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षार्थियों के 'समर्पण' ग्रुप ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर गुरुवार को वृद्धाश्रम का दौरा कर बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत किया। बीएड प्रशिक्षुओं ने बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इधर छात्राओं ने बुजुर्गों के बीच फल, बिस्किट तथा दिनचर्या में काम आने वाली सामग्री भी वितरित की। भिलाई महिला महाविद्यालय की बीएड विभाग की एचओडी डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने बताया कि भावी शिक्षकों में मानवीय संवेदनाओं का विकास करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजि किए जाते हैं।

2017-18

समर्पण ग्रुप ने बस्ती के बच्चों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

भिलाई महिला महाविद्यालय के बी. एड कोर्स के स्टूडेंट्स के समर्पण ग्रुप ने कॉलेज में ध्वजारोहण पश्चात दुर्ग के रायपुर नाका के समीप स्थित बस्ती में रह रहे आर्थिक रूप से अक्षम बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मना सामाजिक सहभागिता दर्ज की. भिलाई महिला महाविद्यालय के बी एड विभाग की हेड डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने बताया कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व का एहसास कराने महाविद्यालय की बी.एड. कोर्स की छात्राओं के समर्पण ग्रुप के माध्यम से इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से किये जाते रहे हैं। इसके अंतर्गत वृद्धाश्रम, चिल्ड्रन होम तथा भिलाई-दुर्ग की झुग्गी-बस्तियों के बच्चों को शिक्षण सामग्री तथा अध्यापन सहायता आदि प्रमुख हैं. समर्पण ग्रुप की बी.एड छात्राओं ने इस अवसर पर रायपुर नाका बस्ती के बच्चों के लिये विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित की तथा विजयी बच्चों को पुरस्कार बांटे. ग्रुप के सदस्यों ने आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की. कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षा विभाग की हेड डॉ. मोहना सुशांत पंडित का मार्गदर्शन तथा सहायक प्राध्यापिकाओं नीतू साहू, भावना तथा नाजनीन बेग का सहयोग, भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमेन के. पटेल, सचिव सुरेन्द्र गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. जेहरा हसन का प्रोत्साहन तथा समर्पण ग्रुप की सभी बीएड छात्राओं का उल्लेखनीय योगदान रहा.

2018-19

भिलाई महिला कॉलेज की प्रशिक्षार्थियों ने मंदबुद्धि बच्चों के साथ मनाया जश्न

भिलाई|महिला कॉलेज के बीएड प्रशिक्षार्थियों ने स्नेह संपदा के मंदबुद्धि बच्चों के साथ मनाया आजादी का पर्वभिलाई महिला महाविद्यालय के समर्पण समूह के अंतर्गत बीएड प्रशिक्षार्थियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस स्नेह संपदा स्कूल, सेक्टर-8, भिलाई के मानसिक रूप से मंदबुद्धि बच्चों के साथ मनाया। बीएड प्रशिक्षार्थियों ने इस अवसर पर इन बच्चों के मध्य खेल सामग्री, फल तथा मिठाईयाँ बांटी तथा इनके मध्य समय व्यतीत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जेहरा हसन ने इस अवसर पर कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिये इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिये। बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने बताया कि भावी शिक्षकों में मानवीय मूल्य विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन बीएड विभाग द्वारा निरंतर आयोजित किये जाते रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित के नेतृत्व में विभाग की सहायक प्राध्यापिकाओं श्रीमती हेमलता सिदार, श्रीमती नीतू साहू, श्रीमती भावना तथा समस्त बीएड प्रशिक्षार्थियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के आयोजन हेतु चेयरमेन श्री के. पटेल तथा भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव श्री सुरेन्द्र गुप्ता का प्रोत्साहन प्राप्त हुआ।

2019-20

2020-20

शिक्षा

भिलाई महिला महाविद्यालय की बीएड कोर्स की छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का किया सम्मान

भिलाई। भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 9 में संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग की बीएड कोर्स की छात्राओं ने बीएड विभाग के सोशल ग्रुप "समर्पण" के अंतर्गत "अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस" के अवसर पर वृद्धाश्रम सहित विभिन्न आश्रय स्थलों और स्थानों पर जाकर बुजुर्गों को फल, मिठाई, दैनिक उपयोग की सामग्री, पौधे, पुस्तकें वितरित की तथा साथ ही शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अपने घर के बुजुर्गों का भी सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया।